**Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]**

FORM OF ORDER SHEET

**IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.**

**Arbitration Case No.- 153/2021**

***Md. Samsad Alam @ Shamshad Ali & Ors. ...............................Petitioner.***

***Versus***

***The State of Bihar & Ors…...........................................................Opposites.***

| Sl No. | Date of order of proceeding. | Order with signature of the court. | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | **27.11.24** | **आदेश**<br>प्रस्तुत वाद कटिहार जिले के मौजा–डहेरिया अवस्थित भूमि जिसे विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–131A (नरेनपुर–पूर्णिया) निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के निर्धारित मूल्य से कम मुआवजा राशि दिये जाने के विरूद्ध राष्ट्रीय राजपथ अधिनियम, 1956 की धारा 3G(5) के अंतर्गत दायर किया गया है।<br>उभय पक्षों को सुना। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि राष्ट्रीय राज मार्ग सं0–131 A (नरेनपुर–पूर्णिया) फोरलेन निर्माण/चौड़ीकरण के तहत आवेदक के मौजा–डहेरिया, खाता–08, खेसरा–1941, वार्ड नं0–45, रकवा–1.12.013 एकड़ भूमि को अधिग्रहित किया गया है। जिला भू–अर्जन कार्यालय, कटिहार के भूमि अधिग्रहण वाद सं0–31/2016–17 में प्रश्नगत भूमि का मुआवजा अवार्ड सं0–93 द्वारा निर्धारित करते हुए उक्त मुआवजा प्राप्त करने हेतु आवेदक को सूचना निर्गत किया गया है। अपीलार्थी को मुआवजे के रूप में अधिग्रहित भूमि का कुल रू0–1,19,07,978/–(एक करोड़ उनीस लाख सात हजार नौ सौ अठहतर रू0 मात्र) निर्धारित किया गया है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कटिहार द्वारा निर्धारित मुआवजे की राशि काफी कम है।<br>आवेदक द्वारा पंचाट के निर्गत होने के उपरांत सक्षम प्राधिकार जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कटिहार के समक्ष सभी आवश्यक कागजात के साथ मुआवजे के विरोध में आपत्ति दर्ज किया गया तथा आवेदन समर्पित किया गया। परंतु सक्षम प्राधिकार द्वारा इसपर विचार नहीं करने पर इनके द्वारा आपत्ति के साथ मुआवजा की राशि प्राप्त किया गया। आवेदक को प्रश्नगत भूमि दिनांक–09.06.1972 को उनके पिता भोख मोईजुद्दीन से हिब्बानामा द्वारा प्राप्त हुआ है जिसकी सच्ची प्रतिलिपि संलग्न किया गया है। साथ ही अन्य अपीलार्थी सं0 04 को प्र  नगत भूमि विभिन्न दो अभिलेख दिनांक–16.11.1994 मो0 भाफीक आलम एवं दिनांक–15.11.95 मो0 हफीजुद्दीन द्वारा प्राप्त है। इन्होंने बिहार सरकार का 2019–20 तक लगान भी अदा किया है। इससे स्पष्ट है कि आावेदक का प्रश्नगत जमीन कटिहार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सं0–45 के आवासीय | |

Web copy. Not official

